आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 09.12.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं और क्रिएटर्स के लिए अधिक अवसर सुनिश्चित करने के लिए अगले वर्ष तक नई सोशल मीडिया नीति लागू करने की घोषणा की।
- सरकार ने पीआरडी जवानों को मिलने वाली सहायता राशि में वृद्धि करने और बीमार होने की स्थिति में उनका मानदेय नियमित रूप से जारी करने के निर्देश दिए।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को उन्नत बीज व समय पर खाद उपलब्ध कराने पर जोर दिया।
- रुद्रप्रयाग में जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए स्कूल बच्चों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने निःशुल्क वाहन सेवा शुरू की।

"उत्तराखंड क्रिएटर्स मीट–2025"

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अगले वर्ष तक प्रदेश में नई सोशल मीडिया नीति लागू कर दी जाएगी। देहरादून में आयोजित "उत्तराखंड क्रिएटर्स मीट–2025" को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सूचनाओं के बेहतर प्रसारण और युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि डिजिटल माध्यमों के जरिए राज्य की संस्कृति, पर्यटन, उद्यमिता एवं उपलब्धियों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर अधिक प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जाए।

श्री धामी ने यह भी कहा कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक पहलू को प्रभावित करने वाला एक प्रभावशाली मंच बन गया है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका अब केवल कंटेंट क्रिएशन तक सीमित नहीं है, बल्कि वे सामाजिक परिवर्तन लाने वाले सोशल चेंज मेकर्स के रूप में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

पीआरडी

प्रदेश सरकार ने पीआरडी जवानों को मिलने वाली सहायता राशि में वृद्धि करने और बीमार होने की स्थिति में उनका मानदेय नियमित रूप से जारी करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को यह निर्देश प्रदान किए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विभाग पीआरडी जवानों की सभी जायज़ मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पीआरडी के लिए "स्वयंसेवक" शब्द के स्थान पर उपयुक्त विकल्प इस्तेमाल करने की मांग पर भी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में उपस्थित पीआरडी संगठन प्रतिनिधियों ने 365 दिन रोजगार उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया, जिस पर कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री गणेश जोशी

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ में आयोजित एक बैठक में अधिकारियों को किसानों के लिए उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक, सिंचाई सुविधाएँ और समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बाधाओं के समाधान और भविष्य की रणनीति पर विशेष चर्चा की।

श्री जोशी ने कहा कि जैविक खेती और उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इसके साथ ही फल, फूल और सब्जी उत्पादन को बढ़ाने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और विस्तार सेवाओं को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया।

बैठक में कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने यह भी बताया कि पिथौरागढ़ महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसमें वर्ष 2023 और 2024 के लिए प्रतिष्ठित कुशल शिल्पकारों को सम्मानित किया जाएगा।

निशुल्क वाहन सेवा

रुद्रप्रयाग जिले में जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने निःशुल्क वाहन सेवा शुरू की है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देश पर 28 गाँवों के 200 छात्रों के लिए 13 वाहनों की व्यवस्था की गई है। राजकीय इंटर कॉलेज चोपड़ा के प्रधानाचार्य ने बताया कि हाल के दिनों में गुलदार, भालू और अन्य जंगली जानवरों की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए यह सेवा शुरू की गई है।

12वीं की छात्रा महक का कहना है कि प्रशासन ने उनके लिए निःशुल्क वाहन सुविधा की व्यवस्था की है, जिससे वे समय पर स्कूल पहुँच पा रहे हैं और अब उनमें डर का माहौल बिल्कुल नहीं है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा है कि गाय संरक्षण और उसकी धार्मिक महत्ता पर सरकार को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

टिहरी जिले के घनसाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जब लोग भारत में गाय को राष्ट्रमाता के रूप में मानते हैं, तो सरकार को भी इसे सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हुए गाय को 'राष्ट्रमाता' घोषित करना चाहिए। शंकराचार्य महाराज ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि, आयुर्वेद और अध्यात्म का केंद्र रही है, इसलिए इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष संरक्षण और आदर सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ वार्षिक संवाद कार्यक्रम– इस खबर के शीर्षक में दैनिक जागरण लिखता है– परीक्षा पे चर्चा में उत्तराखंड से 22 प्रतिभागियों का होगा चयन।

उत्तराखंड के शीतकालीन पूजा स्थलों में उमड़ रहे श्रद्धालु– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष के मुताबिक शीतकालीन पूजा स्थलों पर अभी तक 3 हजार 567 भक्तों ने किए दर्शन।

गोवा क्लब अग्निकांड में तीन सगी बहनों समेत उत्तराखंड को 9 लोगों की मौत– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– मरने वालों में 5 लोग क्लब के स्टाफ और 4 लोग गोवा घूमने गए थे।